**Need for investigation into purchase of counterfeit medicines in Maharashtra**

डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगे (लातूर) : अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद ।

महोदय, महाराष्ट्र राज्य के स्वास्थ्य शिक्षा मंत्री ने हाल ही में बताया है कि महाराष्ट्र राज्य के सरकारी अस्पतालों में नकली दवाइयों की खरीद की गई है । यह बहुत ही गंभीर बात है और यह सामान्य लोगों के आरोग्य के साथ खिलवाड़ है ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि इसकी कड़ी से कड़ी जांच की जाए । इसमें जो दोषी लोग हैं, उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए । आगे ऐसी घटनाएं न घटें, इसलिए, कानूनी कार्रवाई की जाए ।

धन्यवाद ।